
हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 17 अगस्त 2025

04 जन प्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन ने ...



07 हर्षोल्लास से मनी आजादी की वर्षगांठ जिलेभर में ...





## खबर संक्षेप



### कमिश्नर ने कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने स्वाधीनता दिवस के पुनीत अवसर पर आज कमिश्नर कार्यालय सागर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। कमिश्नर ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय परिसर में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान में कार्य करने वाले कमिश्नर कार्यालय परिसर को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर रंगोली तथा बाल पेंटिंग से सुसज्जित करने वाले वाले कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया।

### कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया और अधिकारियों/ कर्मचारियों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दीं। संदीप जी. आर. ने सागर जिले के समस्त नागरिकों को भी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## सागर जिले में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

# कलेक्टर संदीप जी आर ने ध्वजारोहण किया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर संदीप जी आर ने परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश के नाम संदेश में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया के समक्ष भारत के शौर्य को प्रदर्शित किया है। हमारी सेना ने जिस तरह पड़ोसी शत्रु को मुँहतोड़ जवाब दिया, वह बेमिसाल है। भारतीय सेना आधुनिकतम तकनीक का उपयोग भी कर रही है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशक्त मनोबल के साथ संपूर्ण राष्ट्र के नागरिकों के मन में गर्व की भावना का संचार किया है। आज भारत के इस साहस की गूंज विश्व के कोने-कोने में है।



मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में जन-जन को शामिल करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाने का निर्णय लिया। अभियान के तीनों चरणों में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक मध्यप्रदेश के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। राष्ट्र प्रेम के भाव को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान को मध्य प्रदेश में सम्मान देते हुए अच्छे परिणाम तक पहुँचाया गया है। इसके लिए में प्रदेश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूँ। मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संदीप जी आर ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जिले के सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं। आनंद और उमंग के इस अवसर पर अभी हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन सुना। प्रदेश की प्रगति और जन-कल्याण पर मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और ओजस्वी वक्तव्य ने निश्चित ही हम सबमें उल्लास का संचार कर दिया है।

भाइयों-बहनों, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम विकसित मध्य प्रदेश का लक्ष्य साकार करने के लिए विकसित जिले की संकल्पना और योजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जिले की अपनी क्षमताएं, आकांक्षाएं, अवसर और चुनौतियां हैं। यही हमारे जिले को विशेष बनाती हैं। विगत डेढ़ वर्ष में जिले की उपलब्धियाँ और नवाचार हमारी प्रगति की साक्षी हैं। जिले ने औद्योगिक विकास में मील का पत्थर स्थापित करते हुए 27 सितंबर 2024 को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 23 हज़ार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। यह इंडस्ट्री कॉन्क्लेव स्थानीय अर्थ व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। उद्योग लगेंगे, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

जिले में पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए फ्रूट फॉरेस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 10 लाख फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 1 लाख पौधे पहले ही रोपित किए जा चुके हैं। चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए उड़ान कार्यक्रम शुरू किया गया। शासकीय छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा की कोचिंग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।. पोषण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिले के 2 हज़ार 633 आंगनवाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन विकसित किए गए हैं। चुकंदर, पालक, गाजर, मुनगा एवं मुनगा के फूलों से तैयार रंगीन रोटी के माध्यम से बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।सामाजिक न्याय को बढ़ावा देते हुए दिव्यांग जनों के लिए विशेष जनसुनवाई की शुरुआत की गई है। दिव्यांगों के लिए पृथक कक्ष निर्धारित कर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। न्यायिक क्षेत्र में कार्यालय कलेक्टर न्यायालय ने मध्यप्रदेश में सर्वप्रथम 5 हज़ार 606 प्रकरणों का निराकरण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से मृतक के आश्रितों को समयबद्ध और सम्मान जनक सहायता प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 से अधिक प्रभावित परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई एवं 9 हज़ार 693 फौती नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर निगम सागर को राष्ट्रीय स्तर पर 10वीं, रहली को 4वीं तथा नगर पालिका परिषद खुरई को 7वीं रैंक प्राप्त हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम विगत वर्ष की तुलना में 15: की बढ़ोतरी के साथ उत्कृष्ट रहा है। भूमि सुधार के क्षेत्र में आदिवासियों की 100 एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर भू-स्वामियों को सौंपी गई। सागर के इतिहास में पहली बार 699 तालाबों का सीमांकन पूर्ण कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु मुनारे स्थापित किए गए हैं।

जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना के तहत 36 गौशालाओं में लगभग 4 हज़ार गौवंशों का संरक्षण और 22 अशासकीय गौशालाओं में 12 हज़ार गौवंशों का संरक्षण किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 35 हज़ार 395 स्वीकृत आवासों में से 6 हज़ार 963 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत 73 हज़ार 447 स्वीकृत आवासों में से 66 हज़ार 980 आवास पूर्ण हो गए हैं। साथ ही शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत कुल 1 हज़ार 965 आवास स्वीकृत किये जा चुके है। स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 13 लाख 70 हज़ार 768 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जो कुल लक्ष्य का 86.60: है। जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जलजीवन मिशन के अंतर्गत कुल 2 लाख 25 हज़ार 274 घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है।




### नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने फहराया तिरंगा नगर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील

**रहली।** स्वतंत्रता दिवस नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उल्लास के साथ मनाया गया। नगरपालिका में नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी द्वारा नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर केप्टन श्रीकांत पोतदार शहीद स्मारक पर, आजादी के प्रतीक जय स्तंभ पर, एवं नगरपालिका मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया नगरपालिका प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष देवराज सोनी ने सम्पूर्ण नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की एवं रहली नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 80% लाने वाले 600 छात्र छात्राओं को प्रतिभा एवं शौर्य सम्मान से पुरूष्कृत किया। उन्होंने नगरवासियों को संबोधित करते हुए नगर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की और कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में हमने भारत में चौथा और प्रदेश में जो नंबर वन मुकाम बनाया हे इसे बनाए रखने में भरपूर सहयोग करें। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने हमारे विधायक भैया गोपाल भार्गव अथाह सहयोग और मार्गदर्शन हे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनंजय गुमाश्ता, इंजीनियर शिवराम साहू, सफाई दारोगा भरत पांडे, विजय प्रजापति, शादाब खान, जितेंद्र प्रजापति, विक्रम ठाकुर, मस्तु खान, सहित पार्षद गण एवं नगरपालिका परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण, बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के साथ नगर के गणमान्य जन, मातृ शक्ति एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

कृषक स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष रश्मि कप्स्या ने झंडा वादन किया मुख्यमंत्री के संदेश वचन के बाद शहीदों के माता-पिता का सम्मान किया गया साथी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को भी प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए,सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।





































## स्वतंत्रता दिवस पर चंद्रशेखर उद्यान में स्थापित 101 फीट ऊंचे स्तंभ पर किया गया ध्वजारोहण

# जन प्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन ने देश की आन बान शान का फहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर शहर के चन्द्रशेखर पार्क प्रांगण 101 फीट ऊंचे स्तम्भ पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन राजयमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, जिलाधिकारी धर्मपत्नी आकृति, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा व धर्मपत्नी शिल्पा द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन राजयमंत्री मनोहर लाल पंथ जी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन जिलाधिकारी अमनदीप डुली, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों द्वारा महापुरूषों, शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

## वृद्धा आश्रम में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



ललितपुर । समाज कल्याण निदेशालय लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा अनुदानिक एवं देहाती ग्रामोंथान विकास समिति द्वारा संचालित पंडित दीन दयाल उपाध्याय वृद्ध जन आश्रम रामनगर में आजादी के अमृत महोत्सव पवन पर्व पर देश का 79 व स्वतंत्रता दिवस निवासरत वृद्ध माता पिता के साथ धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती एवं गांधी जी को माल्याअर्पण की गईं उनके द्वारा बताया गया कि समाज व घर परिवार से उपेक्षित सभी वर्ग के माता पिताओ के लिए सरकार के मंशानुरूप वृद्ध जनों के लिए वृद्ध आश्रम का संचालन किया जा रहा है ऐसे वृद्ध जो सुविधाओं से वंचित है उनको शासन की ओर से आश्रम में सभी सुविधाऐं निःशुल्क प्रदान की जाती है आश्रम में भोजन आवास चिकित्सा एवं बस्त्र की निःशुल्क व्यवस्था है साथ ही सभी को दैनिक व्यय के लिए पेंशन का लाभ भी मिलता है कार्यक्रम में आश्रम प्रबंधक दामोदर शर्मा ने आश्रम में निवासरत माता पिता को पारवारिक मेनू के अनुसार खाना नास्ता एवं प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है इस अवसर पर न्यूज18 जिला संवाददाता अभय श्री माली द्वारा बताया गया कि बदलते समय में लोग अपने परिवार का संचालन नहीं कर पा रहे हैं आश्रम में वृद्धों की संख्या को देखते हुए आश्रम के कर्मचारी आश्रम को सफल रूप से संचालन कर रहे हैं इस अवसर पर जिलास्तरीय समिति के सदस्य शुभम देवलिया सुबोध शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव शुभम देवलिया प्रबंधक दामोदर शर्मा रूपेश दीपक पटेल रामगोपाल साहू ज्योति समाबानो दुर्गा प्रसाद घनश्याम साहू उपस्थित रहे

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

ललितपुर । भारतीय जनता पार्टी के हाईवे स्थित जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पन्द्रह अगस्त धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान हुआ और वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर बलिदानियों की गाथाओं को श्रोताओं के साथ साझा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी एड,हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, डा राजकुमार जैन, गौरव गौतम, देवेन्द्र गुरु, डा दीपक चौबे आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।



## अमर शहीदों की गाथा को स्मरण किया

*प्रशासक नगर पालिका द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महापुरूषों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम के वीर क्रांतिकारियों और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की गाथा को स्मरण करते हुए उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मुन्नालाल जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य पार्षदों द्वारा भी क्रांतिकारियों को याद करते हुए उनके बलिदान को नमन किया गया। इस दौरान नगर पालिका पार्षद जगदीश यादव, सोन सिंह यादव, अफजुल रहमान, मुस्तफा खां, आलोक जैन मयूर, रामकिंकर पटैरिया, रमेश कुमार उर्फ गांधी, कुन्दन पाल, अब्दुल बारी,जानकी, अमरदीप रजक प्रतिनिध अमित नायक, प्रतिनधि जज्जू, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा, लिपिक हबीब खान, लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, पूर्व लिपिक रामसेवक, नजूल सुधीर रावत, जन्म-मृत्यु पंजीयन लिपिक विनोद कुमार, लिपिक अमित पाराशर, लिपिक अमित रैकवार, अवध किशोर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, प्रहलाद सहरिया, शुभम रैकवार, फरदीन खान सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।*

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण



इसके उपरांत अतिथियों व विद्यालय के बच्चों के समक्ष डोरी खींचकर स्तंभ के राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व उपरान्त राष्ट्रगान गायन किया गया। 79वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर नगर पालिका परिषद, ललितपुर के प्रांगण में निवर्तमान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित पालिका के समस्त पार्षदगणों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

# वैज्ञानिक संत जैनाचार्य निर्भय सागर महाराज के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

*दिगंबर जैन अटा मंदिर से श्री सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी के पहुंचने पर दिगंबर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विद्यालय के बच्चों द्वारा श्री दिगंबर जैन अटा मंदिर से श्री सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज तक प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ससंघ का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रभात फेरी के पहुंचने पर दिगंबर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण से की गई।

आचार्य श्री के पादप्रछालन का पुण्यार्जन वीर चंद्र सराफ प्रबंधक डोडाघाट मंदिर को प्राप्त हुआ।विद्यालय की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति से संबंधित कई कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें 'मोबाइल बुरी बला' नाटक की सभी द्वारा सराहना की गई। आचार्य श्री ने प्रवचन के माध्यम से,हम कैसे एक अच्छे नागरिक बनकर देश की स्वतंत्रता को बनाए रखें एवं उसकी उन्नति में कैसे अपना योगदान दें, प्रेरित किया गया। बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए आचार्य श्री द्वारा बालिकाओं को 'दुहिता' कहा गया अथार्त जो दो कुलों का हित करती है। बालिकाओं को समझाते हुए आचार्य श्री द्वारा कहा गया कि हमें अपनी लक्ष्मण रेखा का ध्यान रखना है क्योंकि रावण रूपी अनेकों दुष्चरित्र वाले व्यक्ति हमारा अपहरण करने के लिए तैयार बैठे हैं। इस अवसर पर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन टडैया महामंत्री आकाश जैन भारत गैस पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल सनत जैन खजुरिया, सौरभ जैन, सतीश नजा, राजकुमार जैन कैप्टन,कुशल चंद जैन एडवोकेट, अखिलेश जैन गदयाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल कुमार जैन द्वारा किया गया।

## नौ बार लोकसभा से व दो बार राज्यसभा से सांसद रहे थे

# भारतीय जनता पार्टी ने भारत-रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलविहारी बाजपेई को पुण्य तिथि पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर अपने प्रेरणाश्रोत भारत-रत्न पं अटलविहारी जी वाजपेई की पुण्य तिथि पर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम ने किया जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि मां अटलजी ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं दीन दयाल उपाध्याय के साथ मिलकर उन्होंने जनसंघ की स्थापना की थी । जब लोकसभा में उनका बहुमत नहीं दिखा तो वे विना वोटिंग कराये ही सीधे राष्ट्रपति जी को स्तीफा देने चले गए और अपने भव्य व्यक्तित्व के साथ आदर्शवादिता की शानदार मिसाल देश के सामने पेश की ।

उन्होंने उस समय ही संसद में विपक्षी दलों के हंसने पर कहा था कि आज आप सब लोग मुझ पर हंस रहे हैं लेकिन एक दिन ऐसा आएगा कि हम सब लोग स्पष्ट बहुमत से सरकार में बैठेंगे और आप विपक्ष में रहेंगे ।और हम लोग भी आप पर हंसेंगे। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमें गर्व है कि अटल जी का बचपन बुन्देलखण्ड से लगे हुए ग्वालियर शहर में वीता।वे नौ बार लोकसभा से व दो वार राज्यसभा से सांसद रहे । पं जवाहर लाल नेहरू ने बहुत पहले ही अटल जी के सांसद काल में ही घोषणा कर दी थी कि एक दिन अटल जी प्रधानमंत्री बनेंगे।




## उन्तीस दलों की सरकार को पूर्ण रूप से चलाते रहे

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने सन सन्तावन में लोकसभा में प्रवेश किया जनसंघ पार्टी से लेकिन सन सततत्तर में हमारी जनसंघ का विलय जनता पार्टी में कर दिया गया जिसका अनुभव दुखद रहा। सन उन्नीस सौ अन्ठानवै में अल्पमत की सरकार में वे चाहते तो जोड तोड कर सकते थे लेकिन उनके महान व्यक्तित्व और उच्च आदर्श के कारण उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया वल्कि सीधे स्तीफा देने चले गए। कार्यक्रम की शुरुआत में बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने कहा कि पं अटलविहारी वाजपेई जी को सही श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बतायें हुए रास्ते पर चलें और उनके द्वारा चलाई गई विकास की गाड़ी को और गति प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने कहा कि उनका महान व्यक्तित्व इसी से परिलक्षित होता है कि वे उन्तीस दलों की सरकार को भी भली-भांति पूर्ण रूप से चलाते रहे और उन पर कोई भी अंगुली नहीं उठा सका। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रमसेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट पुनीत सिंह परिहार,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष गण जगदीश सिंह लोधी एड,हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन, जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष बसंती लारिया,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, मनीष अग्रवाल,संदीप सिंह बुंदेला, रामनारायण पाठक,भगत सिंह राठौर,,डा दीपक चौबे, कमलापति रिछारिया, शशिशेखर पांडेय,डा तेजस्व श्रीवास्तव ,दीपक पाराशर, मनीष जैन बामौर,अमन सोनी, रामेश्वर पाल सिमरिया , वैभव गुप्ता,सोमेश गुप्ता,के के साहू, विक्रांत रावत, आशीष कौशिक,त्रिपति रावत,हरेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया,सचिन साहू,आदि उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने किया मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, ली परेड की सलामी

# हर्षोल्लास से मनी आजादी की वर्षगांठ जिलेभर में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आजादी की वर्षगांठ शुक्रवार को शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर जनमानस ने खुशी का इजहार किया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शहर के वीरसावरकर स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग और विभिन्न स्कूलों के स्काउट एवं गाईड दल ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया, प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी ली। इसके बाद संयुक्त परेड ने तीन बार हर्ष फायर किये। इसके पूर्व राष्ट्रगान हुआ एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोडे गये। इस दौरान सीएम डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के नागरिकों के नाम लाइव संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अशासकीय मॉडर्न कान्वेट स्कूल श्योपुर, शासकीय सांदीपनि उमावि श्योपुर, अशासकीय अल्फा उमावि श्योपुर, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर एवं अशासकीय सेंट पायस स्कूल श्योपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानी रामप्रसाद पारेता सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. उदयभान सिंह चौहान, स्व. रामजी दास मित्तल, स्व. केदारनाथ वैश्य, स्व. रामदयाल गुप्ता, स्व. प्रकाशभानू सिंह चौहान, स्व. चिरोंजीलाल गोयल (नाना), स्व. वली मोहम्मद कुरैशी, स्व. रामगोपाल नागौरी, स्व. रहमतुल्ला, स्व. बद्रीप्रसाद सोनी एवं स्व. भोलानाथ भार्गव के परिजनो को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश लीलाधर सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी परवेज आलम, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता एवं अशोक गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा,डीएफओ थिरूकुरल आर, एडीएम रूपेश उपाध्याय,एएसपी प्रवीण भूरिया,एसडीएम गगन मीणा,डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, बीएस श्रीवास्तव,एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे एवं प्रीति भटनागर द्वारा किया गया। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के उपरांत स्टेडियम परिसर में एक पेड मॉ के नाम अभियान अंतर्गत अपनी माता रामश्री शुक्ला के नाम से पौधरोपण किया। वन विभाग के तत्वाधान में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान अमलतास, करंज, शीशम, आंवला, अशोक के पौधे लगाये गये।



### परेड में जिला पुलिस बल तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नवोदय विद्यालय रहा प्रथम

परेड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान जिला पुलिस बल पुरूष, द्वितीय स्थान जिला पुलिस बल महिला एवं तृतीय स्थानएसएएफ एवं नगर सेना बल होमगार्ड ने प्राप्त किया, जूनियर वर्ग में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालक दल को प्रथम स्थान, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालिका दल को द्वितीय स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के स्काउट दल को तृतीय स्थान मिला है। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर को प्रथम स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर को द्वितीय स्थान एवं अशासकीय सेंट पायस स्कूल श्योपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी को प्रभारी मंत्री ने शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। समारोह के अंत में अतिवृष्टि एवं नदियों के जलस्तर बढने से उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति की दौरान तहसीलदार कराहल सुश्री रोशनी शेख एवं तहसीलदार बडौदा-श्योपुर मनीषा मिश्रा,लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस सहित विभिन्न विभागो के अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### प्रभारी मंत्री ने रायपुरा में बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन



प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्य समारोह के बाद ग्राम रायपुरा स्थित एकीकृत हाईस्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागो के अधिकारियो द्वारा भी बच्चो के साथ बैठकर भोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुरा हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वतंत्रता के महत्व के बारे में उद्बोधन दिया गया। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर संकुल प्राचार्य मनोज पाराशर द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, जिलेभर में हुए कई आयोजन

# यशोदा जायो लल्ला मचो है आज हल्ला, सब कोई नाचे ख़ुशी मनाए कूदे नौ नौ तल्ला....



### कई जगह हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में दर्जनभर से ज्यादा स्थानों पर विभिन्न समितियों द्वारा नारियल फेंककर मटकी फोडने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मटकी फोडने के लिए युवाओं की होड़ मच गई। इन प्रतियोगिताओं में युवाओं ने काफी उत्साह से भागीदारी की। उधर बड़ौदा, विजयपुर, कराहल, वीरपुर, मानपुर, ढोढर,सोंईकलां, ओछापुरा सहित अन्य गांवों और कस्बों में जन्माष्टमी का पर्व उल्लास से मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव शनिवार को शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कन्हैया के जन्मोत्सव पर मंदिरों के साथ ही घर-घर में नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैयालाल की ,श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा.. जैसे स्वरलहरियां गूंज उठी।

शनिवार की रात को रोहिणी नक्षत्र में विभिन्न शुभ संयोगों के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व आयोजित हुआ। इस दौरान शहर के मंदिरों के अलावा घरों पर भी जय गोविंदा जय गोपाला मनमोहन श्याम कन्हैया, मुरलीधर गोपाला घनश्याम..., नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...,और यशोदा जायो लल्ला मचों है आज हल्ला,सब कोई नाचे ख़ुशी मनाये कूदे नौ नौ तल्ला...जैसे भजनों के बीच लोग श्याम रंग में डूबे नजर आए। मंदिरों में देवप्रतिमाओं का पंचामृतों से अभिषेक कर वस्त्र आभूषणों से श्रृंगारित किया गया। साथ ही जन्मोत्सव के बाद परंपरानुसार दही हांडी फोड़ी गई और प्रसाद वितरण किया गया। वहीं घरों में भी पूजा अर्चना की गई, साथ ही दिन भर व्रत रखकर महिलाओं ने जन्मोत्सव के बाद व्रत पूरा किया।

### तेरी माया का न पाया पार के लीला तेरी तू ही जाने



पीएम एक्सीलेंस कॉलेज व कन्या महाविद्यालय श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कॉलेज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कान्हा जी के पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा व छात्र राहुल सेन द्वारा तेरी माया का न पाया पार के लीला तेरी तू ही जाने, गीत गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। प्रेरक प्रसंग कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडी राठौर, पीएम एक्सीलेंस प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, व प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा द्वारा सुनाए गए एवं कन्या महाविद्यालय की छात्रा आयुषी भदौरिया व शिवानी दौहरे द्वारा ²राधा कैसे न जले² गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा ने किया। इस आयोजन में डॉ श्याम लाल बामनिया, वैदांकी खंडेलवाल, खेमराज आर्य, महेंद्र कैथवास, विकास जाट, डॉ करन सिंह सैनी, प्रेमचंद इक्का, डॉ लोकेन्द्र जाट, दीपक शर्मा, आसिफ कुरेशी, हरिमोहन तिल्लौर, सुरेन्द्र जाटव, रामलखन, देवीशंकर राठौर आदि स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन कान्हा जी की आरती व प्रसादी का वितरण कर किया गया।

# सबलगढ़ का ठेकेदार करेगा क्षतिग्रस्त चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोटी गांव के पास 8 जुलाई से टूटी पडी चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत 30 लाख 78 हजार रूपए की लागत से होगी और मरम्मत का काम सबलगढ के ठेकेदार रामेश्वर दयाल रावत करेगे। दरअसल चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत किए जाने संबंधी टेंडर भोपाल स्तर से खुल गया है। यह टेंडर फर्म रामेश्वर दयाल रावत ठेकेदार सबलगढ के नाम से खुला है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो चंबल नहर की मरम्मत का काम लेने वाला ठेकेदार जल्द ही मरम्मत का काम चालू कर देगा।



यहां बता दें कि चंबल दाहिनी मुख्य नहर में जब जुलाई माह के दौरान 35 गांवों की चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेंस्टिंग के लिए कोटा बैराज से पानी छोडा गया था, उस समय चंबल नहर ढोटी गांव के पास फूट गई थी। जिसके बाद जल संसाधन विभाग ने चंबल नहर की मरम्मत किए जाने के लिए 30 लाख 78 हजार का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा था। जिसे शासन स्तर से मंजूरी प्रदान करते हुए चंबल नहर की आरडी 45670 से 45700 मी दाये तट पर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत किए जाने के लिए निविदा जारी कर दी है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान ने बताया कि चंबल नहर की मरम्मत संबंधी कार्य के लिए टेंडर खुल गया है। नहर की मरम्मत का काम सबलगढ के ठेकेदार रामेश्वर दयाल रावत को मिला है। अब जल्द ही मरम्मत का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा और रवि सीजन की सिंचाई के पहले नहर की मरम्मत का काम हर हाल में कंपलीट कर लिया जाएगा।

# फौजी बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल फौजी को कांग्रेस का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं।उनका उनका मनोनयन कांग्रेस राष्ट्रीय जनरल सेकेट्री कैसी वेणुगोपाल ने विगत दिनों जिले के भ्रमण पर पहुंची एआईसीसी की टीम द्वारा किए गए सर्वे के बाद सुझाए गए नाम के आधार पर किया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने बताया कि जिला अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर जो सर्वे दल पहुंचा था उसने एक सप्ताह तक जिले में सर्वे कर न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बल्कि विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्यों के साथ-साथ व्यापारी वर्ग सामाजिक कल्याण में जुटे वर्ग कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगे थे इस सुझाव के बाद सबसे अधिक सहमति विधायक बाबू जंडेल के प्रतिनिधी मांगीलाल फौजी के नाम पर बनी, जिसके बाद दिल्ली से उनका नाम सर्व सम्मति से चयन किया गया। मांगीलाल फौजी के समर्थको ने जैसे ही उनके नाम की घोषणा हुई जय स्तंभ पर पहुंचकर खूब आतिशबाजी की और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाए।

# चंबल नहर रोड पर रात को पुलिस ने 22 किमी पीछा कर पकड़ी अवैध लकड़ी से भरी पिकअप

**सलापुरा नहर पर आगे डंपर खड़ा कर पुलिस ने पकड़ी पिकअप, चालक वाहन से कूदकर भागा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रात के अंधेरे में अवैध रूप से अंडू की लकडी को लेकर राजस्थान जा रही एक पिकअप को दुर्गापुरी चौकी पुलिस ने करीब 22 किलोमीटर पीछा करके पकड लिया। खास बात यह है कि तेज रफ्तार में दौड रही पिकअप को पकडने के लिए पुलिस को सलापुरा नहर पर इसके आगे डंपर खडा करना पडा। तब कहीं जाकर यह पिकअप पकड में आ सकी,लेकिन इसका चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने लकडी से भरी इस पिकअप को कार्रवाई करने के लिए वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

दुर्गापुरी चौकी प्रभारी रामनरेश कंषाना ने बताया कि ृविगत रात्रि के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि वेशकीमती लकडी को जिले के जंगल से तस्करी करके एक पिकअप वाहन के जरिए राजस्थान ले जाया रहा है और यह पिकअप वाहन चंबल नहर रोड होते हुए जा रहा है। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद चंबल नहर रोड पर दुर्गापुरी फाटक के पास उक्त वाहन को रूकवाने का प्रयास किया,लेकिन वाहन के चालक ने पुलिस को देखकर गाडी को और तेज रफ्तार में दौडा दिया। करीब 22 किलोमीटर तक इस वाहन को पकडने के लिए हमने गाडी दौडाई,लेकिन वह पकड में नहीं आ सका,इसके बाद कोतवाली थाने के एक पुलिसकर्मी को तत्काल सूचना देकर सलापुरा नहर के पास रोड डंपर खडा करवा दिया,तब कहीं जाकर यह पिकअप वाहन पकड में आ सका। लेकिन वाहन के पास जैस ही हम पहुंचे,वैसे ही इसका चालक कूदकर भाग निकला। यह वाहन राजस्थान का है,हमने लकडी से भरी इस पिकअप को देहात थाना परिसर में खडी करवाने के बाद वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। उधर श्योपुर रेंज आफिसर राघवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस के द्वारा लकडी से भरी पिकअप वाहन को सौंपा गया है,मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### खिलौने बनाने में काम आती है लकड़ी

पुलिस के द्वारा पकडी गई पिकअप में भरी लकडी अंडू की बताई जा रही है,जिसका उपयोग खिलौने बनाने में होता है। बताया जा रहा है कि श्योपुर जिले के जंगल से इस लकडी को चोरी छिपे रात के अंधेर में राजस्थान के जयपुर के लिए ले जाया जा रहा था।

## कुछ तकनीमी खामियां तो कुछ बनी जिम्मेदारी की लापरवाहियां

# मेन मार्केट के लिए कार्ययोजना बनाना अच्छी बात पर बस्तियों में हो रहे जल भराव की कौन करेगा चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बारिश के दौरान में बाजार में होने वाली जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद ने विगत दिनों आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में कार्ययोजना बनाने पर सहमति तो दे दी, यह अच्छी बात है लेकिन सिर्फ में बाजार में ही समस्या का समस्या का निराकरण क्यों हो? शहर की ओर भी तो बस्तियां हैं जहां जलभराव की स्थिति से लोग परेशान रहते हैं ऐसी बस्तियों में जल भराव की स्थिति को दूर करने की जिम्मेदारी क्या परिषद की नहीं है। यह बात हर नागरिक पूछ रहा है शहर की कई बस्तियां ऐसी हैं जहां नगर पालिका द्वारा रोड बनाने के दौरान की गई तकनीकी खामी के कारण तो कुछ जगह व्यवस्था की जिम्मेदारी (सफ़ाई) ठीक से न होने के कारण जल भराव हो जाता है इस समस्या से लोगों को शहर की अधिकतर बस्तियों में दो-चार होना पड़ रहा है।

जब भी बारिश होती है शहर की सड़कों पर जल भराव की स्थिति देखने खूब मिलती है मामूली बारिश में भी बाजार में पानी सड़क पर भर जाता है। इस जल भराव की समस्या सोशल मीडिया पर तो खूब वायरल कर देते हैं लेकिन शहर की कई बस्तियां ऐसी है जहां बारिश खत्म होने जाने के बाद भी लोगों को जल भराव की स्थिति का सामना करना पड़ता है ऐसी ऐसी बस्तियों में जल भराव की समस्या से स्थाई निजात दिलाने के लिए शायद नगर पालिका प्रशासन के पास शायद कोई योजना ही नहीं है मजबूरी में यह लोग उक्त गंदे पानी में से होकर निकलने को मजबूर बने हुए हैं। ऐसी ही जल भराव की स्थिति का नजारा स्वतंत्रता दिवस वाले दिन वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती कोली चौक और वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 को विभाजित करने वाली बस्ती डॉक्टर सोनकर के मकान के आगे देखने को मिली यहां जल भराव हो जाने से लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हुई इसके अलावा केशव नगर कॉलोनी गुरुद्वारा के सामने बायपास रोड के भीतर कॉलोनी में कई जगह जल भराव की ऐसी स्थिति से लोग आए दिन दोचार होते रहते हैं। कई बस्तियों में जल भराव के कारण संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। खास कर बाईपास रोड से लेकर गुरुद्वारा के सामने तक कॉलोनियों में जो खाली प्लॉट पड़े हुए हैं वो बारिश के पानी से भरकर मच्छर प्रजनन केंद्र बन चुके हैं। यहां पानी भराव की समस्या से शायद छुटकारा दिलाने के लिए नगर पालिका के पास कोई योजना नहीं है।



### सीएम हेल्पलाइन लगाकर निकलवाना पड़ा पानी

जल भराव की समस्या से बायपास रोड से गुरुद्वारे के सामने ब्लॉक कॉलोनी तक के लोग बेहद परेशान हैं। हालांकि इस क्षेत्र को शहर की सबसे महंगी कॉलोनी माना जाता है यहां करोड़ों रुपए लागत से भी लोगों ने रहने के लिए मकान बनाए हैं लेकिन इन बस्तियों के बीच खाली पड़े प्लाटों में पानी तालाब की तरह भर कर मच्छर प्रजनन केंद्र का काम कर रहा है। इस पानी को नगर पालिका निकास नहीं होने की वजह से नहीं निकाल पाती है कई बार आवेदन देकर थक जाने के बाद बस्ती वासी सीएम हेल्पलाइन लगाते हैं जिसके निराकरण के लिए नगर पालिका को वाटर पंप लगाकर वह दूसरे साधन का उपयोग कर पानी निकालना पड़ता है।

### आए दिन नाले चौक होने से बस्ती में भरा रहता पानी

वार्ड क्रमांक 2 कोली चौक और हरिजन बस्ती का रास्ता आए दिन पानी से भर जाता है ऐसा नहीं कि इस स्थान पर सिर्फ बारिश होने पर ही जल भराव होता है बारिश नहीं होने पर भी नाले चौक हो जाने से नालों का पानी चौक में और रास्ते में भर जाता है। गंदा पानी रोड पर भर जाने से लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। दरअसल शहर का पानी इस हरिजन बस्ती वार्ड नंबर 2 से होते हुए कदवाल नदी की ओर जाने वाले नाले में प्रभावित होता है लेकिन नाला में कचरा भर जाने से नाला चौक हो जाने से पानी नदी की ओर प्रवाहित होने के बजाए पानी उल्टे बस्ती में भर जाता है। शुक्रवार को भी जब लोग स्वतंत्रता दिवस मना रहे थे तब इस बस्ती के लोग गंदे पानी में से निकलने को मजबूर बने हुए थे। परेशानी तब ओर बढ़ गई जब शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान भी लोगों को इस जल भराव के बीच से होकर गुजरना पड़ा।

### इनका कहना...

नालों की सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है। कभी-कभी लोग नालों में अधिक कचरा आ जाने से नाले चौक हो जाते हैं जिससे कभी कभी जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। सूचना मिलते ही नगर पालिका अमला तत्काल मौके पे पहुंचकर सफाई भी कर देता है।

**सत्यभानू जाटव**
**स्वास्थ्य ऑफिसर,नपा श्योपुर**

# जलावर्धन योजना वालों ने खोदी सड़क,शहरवासियों ने किया विरोध



श्योपुर। शनिवार की सुबह शिवपुरी रोड पर दुकानदारों और वार्ड वासियों ने उस समय एकत्रित होकर हंगामा शुरू कर दिया जब सड़क किनारे पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई। यह पाइपलाइन पार्वती जिला वर्धन योजना के तहत पाइपलाइन खोदे जाने से निर्मित हुई जिसके चलते दुकानदारों और बस्ती वासियों ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर सीएमओ आरआर यादव, वार्ड पार्षद राजेंद्र मित्तल मौके पर पहुंच गए जहां पहले तो उन्होंने दुकानदारों को समझाया और बाद में निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को बुलाकर अच्छी खासी डांट पिलाई गई।वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद राजेंद्र मित्तल ने बताया कि जलावर्धन योजना की पाइपलाइन डालने का ठेका जिस कंपनी को दिया है उसके ठेकेदार बिना नियम कायदे से जहां मर्जी पड़ रही है वही लाइन खोद रहे हैं। हाल ही में एनएच द्वारा किए गए रोड निर्माण और नाला बनाने के बाद रोड और नाले के बीच में खाली पड़े स्थान पर पाइपलाइन खोद कर डाल दी गई है जिसके कारण पूरे बाजार में कीचड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों को परेशान होना लाजमी में है सीएमओ यादव ने ठेकेदार को ऑफिस में बुलाकर उसे अच्छे से समझा दिया है कि आपको पाइपलाइन डाले जाने की स्वीकृति दी गई है न कि लोगों को परेशान करने की अगर पाइपलाइन मनमर्जी से इस तरह डालोगे कि लोग परेशान हो और आवा गमन बाधित हो तो आपके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई जा सकती है सीएमओ के तीखे तेवर देख ठेकेदार ने काम को अपने निगरानी में कराने का भरोसा दिलाया काम के बाद मिट्टी आदि वहां एकत्रित न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग भी मौजूद रहे।

## पूर्व पीएम वाजपेई और कुशाभाऊ ठाकरे को याद किया

श्योपुर। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल श्योपुर द्वारा शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर आरती पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने दोनों नेताओं को श्रद्धांजलि देते हुए जहां अटल जी को विश्व आदर्श पुरुष निरूपित किया वहीं उन्होंने स्व. कुशा भाऊ ठाकरे के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया था। वे संगठन के कुशल शिल्पकार थे, जिनकी सांगठनिक दक्षता ने हजारों-लाखों व्यक्तियों को राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और जनसंघ से जोड़ा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट, रामलखन नापाखेड़ी, मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, दिनेश दुबौलिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज तोमर, नेहा कुलश्रेष्ठ,नीरज जाट, हरिसिंह मीणा, सुजीत गर्ग, ओम राठौर, गिरधारी बैरवा, सत्यनारायण यादव, मनीष नागौरी, संजय माहाना, पुरन आर्य, रघुनंदन शर्मा, कौशल शर्मा, दीपक मेहरा, मीडिया प्रभारी नरेश धाकड़ सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन

**अशोकनगर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर आदित्य सिंह ने आज जिला मुख्यालय पर संचालित शासकीय संदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल अशोकनगर में छात्र-छात्राओं के साथ विशेष मध्यान्ह भोजन में कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही स्कूली बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर सहित अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई

**राजपुर।** एमबीएस कान्वेंट मिडिल स्कूल राजपुर में भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी गई। अध्यक्ष श्रमगन बाई शिवाहरे एवं ओमकार लाल शिवाहरे द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया गया जिसमें स्कूल के छात्राओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया उसमें से मटकी फोड़ने वाले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण उपरांत पुरस्कार वितरण किए गए एवं भगवान श्री कृष्ण की जन्मगाथा के बारे में बताया गया अंत में शिवचरण लाल शिवहारे ने सभी का आभार माना।

### डॉ. ढिल्लन के साथ गोहद में मारपीट

**अशोकनगर।** अशोकनगर निवासी डॉ. विक्रमजीत सिंह ढिल्लन पर गोहद जिला भिण्ड में उस समय मारपीट की गई जब वह फतियापुर गांव अपनी ससुराल जा रहे थे। इस हमले में उनके बेटे रोहनप्रीत सिंह और बेटी रवनीत कौर को चोटें आई हैं। गाडी में भी तोड़फोड़ की गई है। यह परिवार इन दिनों लंदन में है और अशोकनगर आया हुआ है। जब यह परिवार गोहद थाने के अंतर्गत फतेहपुर गांव जा रहा था तभी एनआरआइ दंपत्ति के साथ यह घटना हुई इसमें एक आरक्षक शामिल है। डॉ. ढिल्लन ने बताया कि जब वह अपने वाहन को साइड में लगाकर फल खरीद रहे थे तभी आरक्षक ने वाहन के फोटो खींचना शुरू कर दिए जिसे लेकर पूछा कि तुम कौन हो तो कहने लगा कि मैं आरक्षक हूं लेकिन वह ड्रेस में नहीं था। जिसके वाद वह अपने वाहन से आगे बढ़ गए तभी कुछ लोगों को और बुलवाकर आरकक्ष ने उनके परिवार के साथ लाठी डंडों से मारपीट की।

### कलेक्टर ने फहराया ध्वज, राष्ट्रगान के साथ आकर्षक परेड का किया आयोजन

# आजादी की वर्षगांठ का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर में आयोजित 79 वां स्वतंत्रता दिवस जिले में पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड अशोकनगर में आयोजित किया गया। मुख्य समारोह में कलेक्टर आदित्य सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुआ।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। परेड की टुकडियों द्वारा राष्ट्रधुन के साथ हर्ष हायर किये गये। समारोह में परेड कमाण्डर अजीत नरवरिया एवं टू आई सी सूबेदार आईना सहिबा के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियों द्वारा भव्य एवं आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड की 11 टुकड़ियां एक-एक करके मंच के सामने से कदमताल करते हुए निकलीं। मार्चपास्ट में एस.ए.एफ. 26वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला महिला पुलिस बल, नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर का एनसीसी दल,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का गाईड दल, राव माधव स्कूल का स्काउट दल,ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल का स्काउट दल,महिला एवं बाल विकास विभाग का शौर्य दल,वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल का स्काउट दल एवं शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल तथा पुलिस बैंड का दल ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के सभी कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रंग बिरंगे गुब्बारे खुले गगन में छोड़े गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी कमलसिंह रघुवंशी का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य समारोह में 350 बच्चों ने अनुशासन एवं एकाग्रता को रेखांकित करते हुए सामूहिक पी.टी. के माध्यम से विभिन्न 16 मुद्राओं का प्रदर्शन किया। मुख्य समारोह में देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। संस्कृति हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों द्वारा शौर्य, संस्कृति एवं विरासत पर आधारित सामूहिक नृत्य,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर द्वारा लहराता है परचम,हर दिशा में ऐसा केसरिया भारत है मेरा पर आधारित सामूहिक नृत्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर द्वारा अमर शहीदों की स्मृति पर आधारित सामूहिक नृत्य नाटिका,ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों द्वारा मेरा भारत एक अनोखी यात्रा आधारित सामूहिक नृत्य,संदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अमर शहीदों पर आधारित सामूहिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति, वर्धमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हुए पुरस्कृत

मुख्य अतिथि द्वारा परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सीनियर ग्रुप में वर्दीधारी जिला पुलिस बल को प्रथम, एस.ए.एफ. 26 वीं बटालियन दल को द्वितीय, जिला पुलिस बल महिला को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। परेड में जूनियर ग्रुप में महिला एवं बाल विकास के शौर्य दल को प्रथम,राव माधव हायर स्कूल के स्काउट दल को द्वितीय,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को प्रथम, वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को द्वितीय तथा शासकीय सांदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरूस्कार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रदान किया गया।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले के विभिन्न विभागों, पुलिस विभाग, खिलाड़ियों, समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक विधायक जजपाल सिंह जज्जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता महेन्द्र कुमार जैन तथा एपीसी अभिषेक चैधरी ने किया।

### लायंस हेल्पिंग हैंड ने ब्रह्मकुमारी दीदी के आश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में ब्रह्मकुमारी दीदी के आश्रम पर मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस। कार्यक्रम के संयोजक रहे पीएमजेफ वैशाली सलूजा एवं सचिव रानी अहिरवार। कार्यक्रम में बीके लीला दीदी की अगवानी में झंडा फहराया गया। पास की गरीब बस्ती से आए बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।सभी ने मिल कर राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय जयकार के नारे लगाए। सभी ने अच्छा नागरिक बनने की शपथ ली एवं सच्चाई के रस्ते पर चल भारत माता का मान बढ़ने का संकल्प लिया। लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस विद्यार्थियों को स्वतंत्रता, एकता और बलिदान का मूल्य सिखाता है। यह उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य की याद दिलाता है, बड़ों और शिक्षकों के प्रति सम्मान को प्रोत्साहित करता है, और उन्हें गर्व और जिम्मेदारी के साथ देश की प्रगति में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही बच्चों को मिठाई, फल और चिप्स आदि वितरित किया गए। कार्यक्रम में आभार किरण कुशवाह उपाध्यक्ष लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब अशोकनगर द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यकम मै क्लब सदस्यों के अलावा अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे।




### रोटरी क्लब ने उत्साह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस का पर्व



**अशोकनगर।** रोटरी क्लब ने देश की स्वतंत्रता का पर्व बड़े ही गरिमामय समारोह पूर्वक मनाया साथ में इनर व्हील क्लब की सदस्याओं ने भी सहभागिता की। रोटरी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोटरी अध्यक्ष अजीत जैन ने राष्ट्रध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी। सभी सदस्यों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली ने स्वतंत्रता के समय विभाजन की पीड़ा को अपने परिवार के ऊपर घटित त्रासदी को व्यक्त किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। सहायक प्रांत पाल अमित गोईल ने देश की प्रगति में रोटरी के योगदान तथा अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब के गठन पर प्रकाश डालते हुए सभी से राष्ट्र सेवा करने का आव्हान किया। सुधीर गुप्ता ने देश के सैनिकों को नमन करते हुए राष्ट्र प्रेम से भरी कविता का पाठ किया।नीलू सेठ ने समाजसेवा में इनरव्हील के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. राकेश जैन बी.डी. गुप्ता, सुभाष जैन कैंची,राजेश सेठ,विजय चैधरी, नितिन कांसल,अश्विनी अग्रवाल, विनोद सोनी, माधोसिंह रघुवंशी,वरुण सेठ,धीरेंद्र रघुवंशी,गुड्डू गुप्ता सहित अन्य रोटरी एवं इनर व्हील सदस्याएं उपस्थित थी।

### राजपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर कई आयोजन हुए

**अशोकनगर।** राजपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर कई आयोजन हुए, कस्बे में प्रभाव फेरी निकाली गई। गांधी पार्क पर माल्यार्पण किया गया। राजपुर पंचायत भवन पर सरपंच नूरजहां वानो, सचिव रमेश शर्मा, उ.मा. विधालय में सरपंच एवं गांव के जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे स्कूल स्टाफ ने सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रभारी दया राम मोर्य ने अभार व्यक्त किया। पुलिस चैकी में चैकी प्रभारी रघुवीर सिंह अहिरवार ज्योती यान मन्दिर में स्कूल संचालक राजीव शर्मा चोकी प्रभारी मनोज साहू संयुक्त रूप से झंडा वंदन किया। आयुर्वेद औषधालय में श्री कृष्ण विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्कूल संचालक गजेन्द्र सिंह यादव ने अतिथियों से झंडा वंदन कराया।



# श्री युगल सरकार के कलेक्टर ने किए दर्शन



**अशोकनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पुनीत अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शनिवार को अशोकनगर में विराजमान श्री युगल सरकार मंदिर में दर्शनकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने भगवान श्री युगल सरकार से जिलेवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने गौवंश के संवर्धन हेतु किये जा कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान श्री युगल सरकार मंदिर परिसर में कदम का पौधा लगाकर पौधारोपण किया। साथ ही तुलसी सरोवर तालाब में श्रमदान किया। इस दौरान गौमाता को घास खिलाई। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव सहित यादव समाज के नागरिकगण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने अशोकनगर स्टेशन का किया निरीक्षण, जनप्रतिनिधियों ने बताई कमियां

**अशोकनगर।** नए डीआरएम ने अशोकनगर पहुचंकर स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां लोग स्टेशन पर व्याप्त समस्याओं ने नए डीआरएम पंकज त्यागी को अवगत कराते हुए नजर आए। नपा में विपक्ष के नेता रीतेश जैन भी पहुंचे और समस्याओं से अवगत कराया। उपरोक्त निवेदनों को डीआरएम ने संज्ञान में लिया और उन पर उचित कार्रवाई एवं प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। आप सभी को यह भी सूचित हो की जो वर्तमान में रेलवे स्टेशन का मेन गेट हैं वही मेन गेट रहेगा। आने जाने का जो मिलन तिराहे से अथवा गोपालगंज से चर्चा हो रही थी वहां से कोई रास्ता नहीं रहेगा।



1. अंडर ब्रिज से पानी लीकेज की समस्या
2. पंच माह पूर्व डली अंडर ब्रिज की सर्विस रोड का खराब होना
3. अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत ईसागढ़ रोड साइड को डेवलप करवाना टिकट खिड़की बनाने बाबत निवेदन

### भक्तिभाव से चल समारोह निकला

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शहर हुआ कृष्णमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पर्व अशोकनगर शहर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण के दरवार श्रद्धालुओं से भरे रहें। यहां भगवान की आराधना और उपासना की गई। शहर का युगल सरकार मंदिर सबसे अधिक आर्कषण का केन्द्र रहा। यहां भक्ति की धारा बहती हुई देखी गई।

उत्सव और आंनद के पलों को सांझा करते हुए शहर में भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जहां देखों वहां भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे। सुबह से युगल सरकार मंदिर पर श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया था। जहां लोगों ने भगवान श्री कृष्ण के दरवार में माथा झुकाया और उनसे सुख, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की। शहर के सभी राधा कृष्ण मंदिरों में उत्सव की छटा देखने को मिली। शहर के पुण्डरीकाक्ष मंदिर में भी भगवान श्री कृष्ण का दरवार श्रद्धालुओं में आर्कषण का केन्द्र रहा। शहर के सभी राधा-कृष्ण मंदिरों में आर्कषक रोशनी की गई। भगवान श्री कृष्ण के जन्म और उनकी बाललीलाओं के साथ उनके द्वारा दिए गए संदेश पर चर्चा की गई।

दोपहर 11:00 आयोजित होने वाले चल समारोह की शुरूआत की गई। इस चल समारोह में समाजजन और सभी समाजों के लोगों ने भाग लिया। इस चल समारोह में भगवान श्री कृष्ण का दरवार विमान में सजाया गया था। साथ में राधाकृष्ण के दरवार की झांकी उनकी बाल लीलाएं, और एक झांकी में गायों से भगवान श्रीकृष्ण का प्रेम भी दर्शाया गया था इसीलिए उनको गोपाल के नाम से भी जाना जाता है। यह चल समारोह श्रीकृष्ण संस्थान से प्रारंभ होकर मण्डी गेट ओवर ब्रिज से होकर-नगेश्री चैराहा, सुराना चैराहा, इन्द्रापार्क, गांधीपार्क से फुटओवर ब्रिज होते हुए श्रीकृष्ण संस्थान पहुंचा। जहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### राधा कृष्ण भगवान के दरबार श्रद्धालुओं से भरे रहा







# जिला जेल में हुआ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिला जेल अशोकनगर में कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर दीप प्रज्जलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, कलेक्टर आदित्य सिंह, जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, एसडीएम अशोकनगर बृजविहारी श्रीवास्तव, यादव समाज के नागरिकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुंगावली विधायक ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव देशभर में बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कैदियों से कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भी जेल में ही हुआ था। हमें यह मायने नहीं रखता कि हमने क्या किया है, लेकिन यहां पर रहने वाले बंदी क्या सीखकर जाते हैं, यह मायने रखता है। जिस तरह माता देवकी ने भगवान श्री कृष्ण को जेल में ही जन्म दिया था, तो यह स्थान मायने नहीं रखता, बल्कि मायने यह रखता है कि हमारे विचार कैसे हैं और हम कैसे अपने जीवन को सकारात्मक रूप से जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है,इस जीवन को अच्छे कार्य करें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए संयम बतरना बहुत आवश्यक है। उन्होंने श्री कृष्ण के जन्म का वर्णन किया। उन्होंने कैदियों के लिए धार्मिक पुस्तकें हेतु विधायक निधि से 01 लाख रूपये दिये जाने की बात कही। कलेक्टर आदित्य सिंह ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय अच्छा या बुरा सभी का आता है। हम सभी बदलाव की भावना लेकर यहां से जाएं। उन्होंने कहा कि कारावास में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होता है और अंधेरी रात में दीपक का महत्व जो होता है, वह भगवान कृष्ण के जन्म को समझते हैं।. कारागार में जन्म होने के बाद भी जिस तरह से भगवान श्री कृष्ण ने अपनी पहचान बनाई, यह सब हमारे लिए सीखने योग्य है।



### कैदियों को किए फल वितरित

कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, कलेक्टर आदित्य सिंह सहित यादव समाज के नागरिकों ने कैदियों के लिए फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जेल में बंद कैदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्री कृष्ण की भक्ति में झूमते गाते नजर आए।